Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व के परिक्षेत्र चन्द्रनगर में एक नर तेंदुआ मृत पाया गया

दिनांक 19.12.2013 को परिक्षेत्र चन्द्रनगर के भुसौर क्षेत्र में एक श्रमिक श्री राजेन्द्र सिंह बुन्देला के द्वारा लगातार क्षेत्र में सुबह से बंदरों का एलार्म काल सुनने के पश्चात पार्क के अमले के साथ क्षेत्र में सर्चिंग कराई गई। इस सर्चिंग के दौरान मौके पर 12 से 14 वर्षीय एक नर तेंदुआ मृत पाया गया। सूचना मिलने के तुरन्त बाद मौके पर क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, सहायक संचालक अन्य अमले के साथ मौके का निरीक्षण किया। मृत नर तेंदुए का पोस्टमार्टम दिनांक 20.12.2013 को डा0 संजीव कुमार गुप्ता, वन्यप्राणी चिकित्सक पन्ना टाइगर रिजर्व पन्ना के द्वारा किया गया। मृत तेंदुए के सभी चारों केनाइन दांत घिसे हुए पाये गये। मूंछ के बाल, सभी नाखून एवं सभी अवयव मौके पर मौजूद हैं। मौके पर किये गये आंकलन के मुतावित इस नर तेंदुए की उम्र लगभग 12 से 14 वर्ष पाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके दाहिने कंधें के पीछे के हिस्से में लगभग 20 दिन का पुराना घाव था, जिसमें पस भर जाने के कारण संभवतः इस नर तेंदुए की मृत्यु हुई है। आशंका यह है कि किसी अन्य मांसाहारी वन्यप्राणी से हुई भिडन्त में यह घायल हुआ होगा। बिसरा आदि जांच हेतु फोरेन्सिक लैब सागर भेजी जा रही है। नियमानुसार इसका कंकाल एवं चमड़ा पशु चिकित्सा विश्व विद्यालय जबलपुर (सेंटर फार वाइल्डलाइफ फोरेंन्सिक एण्ड हेल्थ जबलपुर) को भेजा जा रहा है। पी.ओ.आर. क्रमांक 477/22 दिनांक 19.12.2013 से प्रकरण दर्ज किया जाकर प्रकरण से सम्बन्धित अन्य पहलुओं की जांच जारी है। निष्ठा के साथ मौके पर काम करने वाले श्री राजेन्द्र सिंह बुन्देला श्रमिक को प्रोत्साहन के तौर पर रु0 500/- ~~को~~ से पुरस्कृत किया गया है।

दिनांक – 20.12.2013

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना